समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# मिडिल ईस्ट पर भड़के ट्रंप, कहा – 'Not Happy', दोनों देशों को चेताया"

Publisher Published on 24 Jun 2025



## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल और ईरान दोनों को युद्धविराम का उल्लंघन न करने की चेतावनी दी, बोले- परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू नहीं करेगा ईरान।

**ट्रंप की दो टूक : "बम मत गिराओ, फाइटर जेट्स वापस बुलाओ"**
अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर कड़ा रुख अपनाते हुए **दोनों देशों से सीजफायर का पालन करने की सख्त अपील** की है। ट्रंप ने चेताया कि अगर इजरायल ने ईरान पर बम गिराया, तो यह सीजफायर का बड़ा उल्लंघन होगा। उन्होंने कहा: "ईरान पर बम मत गिराओ, अपने पायलटों को तुरंत वापस बुलाओ।"

यह बयान ऐसे समय में आया है जब मिडिल ईस्ट में हालात एक बार फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। ट्रंप का यह बयान अमेरिका के रणनीतिक दृष्टिकोण और तनाव को नियंत्रण में रखने की कोशिशों को दर्शाता है।

### "Not Happy with Israel or Iran" – ट्रंप
नीदरलैंड में नाटो सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले ट्रंप ने मीडिया से कहा:
"**मै इंजरायल और ईरान दोनों से खुश नहीं हूं**।"

उन्होंने दोहराया कि ईरान की **परमाणु क्षमताएं समाप्त** हो चुकी हैं और अब वह अपना परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू नहीं करेगा। साथ ही, उन्होंने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की।

**सीजफायर की घोषणा के बाद बयान**

ट्रंप ने हाल ही में यह दावा किया था कि: "इजरायल और ईरान मेरे पास लगभग एक ही समय पर आए और बोले – शांति। अब समय आ गया है।"

उन्होंने कहा कि दुनिया और मध्य पूर्व ही असली विजेता होंगे, बशर्ते दोनों देश शांति के मार्ग पर चलें।

**ईरान के मिसाइल हमलों ने बढ़ाया तनाव**

१. **23 जून 2025 की रात को ईरान ने इराक और कतर मे मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर छह मिसाइले दांगीं।**
२. **कतर ने इस हमले को अपनी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।**
३. **इसके बाद इजरायल ने दावा किया कि ईरान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है।**
४. **ईरान ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हमला सीजफायर से पहले किया गया था।**

**इजरायल की जवाबी कार्रवाई**

**25 जून को आईडीएफ (इजरायली डिफेंस फोर्स)** ने बताया कि: "इजरायली वायु सेना ने ईरान में उन मिसाइल लॉन्चरों पर हमला किया, जो इजरायल पर हमला करने को तैयार थे।"
यह घटना क्षेत्र में फिर से सैन्य गतिविधियों में तेजी आने का संकेत देती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.